Madhepura News: मधेपुरा के बाजार में नकली मोबिल बनाने का भंडाफोड़, पुलिस ने किया जब्त; अब होगा एक्शन

संवाद सूत्र, पुरैनी (मधेपुरा)। Madhepura News: मधेपुरा के मुख्य बाजार में विभिन्न दुकानों पर विभिन्न ब्रांड के नकली मोबिल बेचने का मामला सामने आया है। मामला सामने आते ही संबंधित दुकानदारों के बीच काफी हड़कंप मच गया है। पश्चिम बंगाल से आई कंपनी की जांच टीम ने स्थानीय प्रशासन की मदद से कई दुकानों में छापेमारी कर केस्ट्राल कंपनी के नाम से बिकने वाले नकली मोबिल के डिब्बे को जब्त किया।

जानकारी अनुसार केस्ट्रॉल कंपनी के नाम पर नकली मोबिल बेचने से संबंधित आरोप लगाते हुए कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ बीते दिनों पुरैनी-डुमरैल बस स्टैंड चौक सहित मुख्य बाजार स्थित कई दुकानदारों के यहां छापेमारी की थी। इस दौरान दुकानदारों के यहां से दर्जनों मोबिल के डिब्बे बरामद किए गए।

मोबिल बनाने वाली केस्ट्रॉल कंपनी को काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि पुरैनी बाजार में कई दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से केस्ट्राल कंपनी के मार्का वाले नकली मोबिल को असली बताकर खुलेआम बेचा जा रहा है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/madhepura-manufacturing-of-fake-mobil-oil-castrol-busted-in-madhepura-market-police-seized-it-there-will-be-action-23794321.html